(4)	गोमतीसागर पशु मेला - झालरापाटन (झालावाड़)
(5)	चंद्रभागा पशु मेला - झालरापाटन
(6)	श्री बलदेव पशु मेला - मेड़ता सिटी (नागौर)
(7)	वीर तेजाजी पशु मेला - परबतसर (नागौर)
(8)	बाबा रामदेव पशु मेला - नागौर
(9)	जसवंत पशु मेला - भरतपुर
(10)	गोगामेड़ी पशु मेला - गोगामेड़ी (हनुमानगढ़)।

502. सूची - I का सूची- II मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची - I (पशु मेला)	**सूची - II (स्थान)**
1. वीर तेजाजी	(i) बाड़मेर
2 शिवरात्रि	(ii) भरतपुर
3. चन्द्रभागा	(iii) परबतसर
4. मल्लिनाथ	(iv) झालरापाटन

कूट -

(a) I-(i) 2-(ii) 3-(iv) 4. (iii)
(b) I-(iii) 2-(ii) 3- (iv) 4- (i)
(c) I-(iii) 2- (i) 3- (iv) 4- (ii)
(d) I-(i) 2-(iii) 3- (iv) 4- (ii)

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) – सही सुमेलन है।

	पशुमेला	**स्थान**
(i)	वीर तेजाजी -	परबतसर (नागौर)
(ii)	शिवरात्रि -	भरतपुर
(iii)	चंद्रभागा -	झालरापाटन (झालावाड़)
(iv)	मल्लीनाथ -	बाड़मेर

503. अधोलिखित राजस्थान के प्रमुख पशु-मेलों व उनसे संबंधित स्थलों में सें कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) श्री बलदेव पशु मेला-करौली
(b) श्री गोगामेड़ी पशु मेला-नोहर, हनुमानगढ़
(c) श्री मल्लिनाथ पशु मेला-तिलवाड़ा, बाड़मेर
(d) श्री चन्द्रभागा पशु मेला- झालरापाटन,झालवाड़ा

Ans. (a) : सही मिलान इस प्रकार है।

सूची-I (झील/बाँध)	**सूची-II (जिला)**
(a) श्री बलदेव पशु मेला	मेड़ता सिटी-नागौर
(b) श्री गोगा मेड़ी पशु मेला	नोहर, हनुमानगढ़
(c) श्री मल्लिनाथ पशु मेला	तिलवाड़ा, बाड़मेर
(d) श्री चन्द्रभागा पशु मेला	झालरापाटन, झालवाड़ा

504. निम्न में से कौन-सा युग्म पशु मेले से सम्बन्धित है?

A. मल्लिनाथ	1. तिलवाड़ा
B. बलदेव	2. नागौर
C. रामदेव	3. रामदेवरा
D. तेजा	4. पुष्कर

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या—राज्य में धार्मिक महत्व के मेलों के साथ-साथ पशु मेले भी काफी आयोजित किए जाते हैं। तिलवाड़ा मेला जो एक पशु मेला है, यह मल्लिनाथ जी (लोक देवता) के तिलवाड़ा मंदिर में चैत्र माह में बाड़मेर जिले में लगता है।

505. निम्नलिखित में से गलत युग्म को पहचानिए –

(a) बेणेश्वर मेला	–	डूंगरपुर
(b) बादशाह का मेला	–	ब्यावर
(c) मरू महोत्सव	–	बाड़मेर
(d) गौमतेश्वर का मेला	–	सिरोही

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – सही सुमेल है –

मेला		**स्थान**
बेणेश्वर मेला	–	डूँगरपुर
बादशाह का मेला	–	ब्यावर (अजमेर)
मरु महोत्सव	–	जैसलमेर
गौतमेश्वर का मेला	–	सिरोही

506. केसरियाजी का मेला कहाँ लगता है?

(a) धुलेव में
(b) झालरापाटन में
(c) परबतसर में
(d) किराडू में

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (a) – केसरिया जी का मेला उदयपुर के धुलेव गाँव में लगता है। यह मेला प्रतिवर्ष चैत्र अष्टमी को लगता है। ऋषभदेव मंदिर को जैन धर्म का प्रमुख तीर्थ माना जाता है।

507. निम्नलिखित में से कौन सा जैन त्यौहार नहीं है?

(a) दशलक्षण पर्व
(b) महावीर जयंती
(c) सुगंध दशमी पर्व
(d) बड़ी सातम

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (d) : बड़ी सातम जैन धर्म का त्यौहार नहीं है। बड़ी सातम पर्व सिंधी समाज द्वारा मनाया जाता है। जैन धर्म द्वारा मनाये जाने वाले प्रमुख त्यौहार है-पर्यूषण पर्व, दशलक्षण पर्व, संवत्सरी महापर्व, क्षमावाणी, महावीर जयंती, सुगंध दशमी पर्व आदि।

508. पर्यूषण पूर्व किस समुदाय से संबंधित है?

(a) सिंधी (b) सिख
(c) जैन (d) रामस्नेही

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

509. जयपुर में तीज की सवारी किस माह में निकाली जाती है?

(a) श्रावण (b) बैसाख
(c) चैत्र (d) भाद्रपद/भादौं

RPSC-2017

Ans. (a) : जयपुर में तीज की सवारी श्रावण माह में निकाली जाती है। तीज का त्यौहार वर्ष में दो बार मनाया जाता है। प्रथम श्रावण शुक्ल की छोटी तीज एवं भादों महीने की बड़ी तीज। इस त्यौहार पर स्त्रियां साज श्रृंगार करती है। वे हाथों और पैरों पर मेंहदी लगाती हैं।

510. राजस्थान में, ... का कजली तीज का त्यौहार एवं मेला प्रसिद्ध है।

(a) पुष्कर (b) बारां
(c) बांसवाड़ा (d) बूंदी

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II